तापमान

अधिकतम 37.0 डिग्री

न्यूनतम 27.0 डिग्री

हरिभूमि

# मध्यांचल भूमि

रायपुर, शुक्रवार 30 मई 2025

[ बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला ]

12 क्षेत्र के 21 गांव आज भी विद्युत विहीन



13 संवाद से करते हैं समाधान, यही है सुशासन तिहार ...




# NEET/JEE में सलेक्शन नहीं तो कोचिंग फीस नहीं: PCI भिलाई

जो छात्र NEET व JEE की तैयारी करना चाहते है उनके लिए जुनुन बैच 2 जुन से प्रारंभ हो रहा है। जिसमें NEET व JEE में चयन होने के बाद फीस लिया जाता है यदि चयन नही हुआ तो फीस नही लगेगा यह केवल 40 बच्चो के लिए ही है। क्योकि इस बैच में उच्च क्वालिटी के शिक्षक पढ़ायेंगे Zoology डॉ. सुदेश सर 15 वर्ष से अधिक अनुभव व कोटा के नामी शिक्षक है। बायोलॉजी में प्रत्येक वर्ष बहुत सारे छात्र शत प्रतिशत मार्क्स दिला रहे है और डॉ. रोहित सर जो एलेन कोटा में 15 वर्ष से अधिक अनुभव है वे इस बैच मे Botany पढायेंगें । केमेस्ट्री नितिन सर (IIT Delhi) व जे.पी. सिंह सर 20 वर्ष के अनुभव प्राप्त किए हुए शिक्षक पढायेंगे। फिजिक्स आजाद सर (IIT BHU) व आकाश सर (M.Tech) 12 वर्ष अनुभव प्राप्त किए पढ़ायेंगे, गणित दिलीप सर (IIT BHU) 15 वर्ष अनुभव प्राप्त किए पढ़ाएंगे जिसने देश के प्रतिष्ठित संस्थानो में कई बार 100 के अंदर रैंक दिए हुए है वे सब शिक्षक छात्रो को पढ़ाएंगे। छात्रो को प्रत्येक दिन 6 घंटे क्लास व 3 घंटे डाउट क्लास पढ़ाया जाता है। प्रत्येक रविवार को परीक्षा लिया जाता है। स्टडी मेटेरियल, D.P.P. बच्चों को दिया जाता है। यहाँ रहने के लिए छात्रावास भी उपलब्ध है। हर एक प्रतियोगी परीक्षाओं मे अच्छी रैंक हासिल करने के उम्मीद में कोचिंग फीस के रूप में एक बड़ी राशि का भुगतान करना पड़ता है। जिसके बाद सलेक्शन की कोई गारंटी नहीं होती है। लेकिन अब PCI भिलाई से तैयारी करने वाले छात्रो को केवल NEET/JEE में सलेक्सन होने पर यानी NEET के छात्रो को शासकीय कॉलेज की सीट मिलने के बाद और JEE छात्रों को IIT/NIT कॉलेज में सीट मिलने के बाद ही फीस का भुगतान करना होगा। केवल यह 40 छात्रों के लिए ही उपलब्ध है यह कोचिंग सेंटर भिलाई में 177, 178, 179 न्यू सिविक सेंटर में संचालित है अधिक जानकारी के लिए मोबाईल नं. 78801-68887, 83195-71812 पर संपर्क कर सकते हैं।

ADVT.



## आवश्यकता है

कुरियर कंपनी को ऑफिस कार्य / पार्सल वितरण कार्य हेतु लड़कों की आवश्यकता है।

वेतन - पार्सल बेस 15-14 रूपये + इन्सेन्टिव राशि + सैलरी बेस

संपर्क

एक्सप्रेस विज कुरियर

मीशो कुरियर (बलौदाबाजार)

7354384936, 7566091245


## खबर संक्षेप

### बस ने बाइक को मारी ठोकर, एक मृत, दो घायल

**पलारी।** नगर में गुरुवार को कालेज के समीप बस ने बाइक को ठोकर मार दी। इस घटना में बाइक चालक की मौत हो गई, वहीं दो गंभीर रूप से घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार छेरकापुर निवासी रोहित मारकंडे अपने परिचत राजकुमार माथुर को साथ में लेकर एक बाइक से ग्राम घोटीया आया, जहां से रोहित मारकंडे अपने ससुर बेनीराम कुर्रे को उसी बाइक पर बैठाकर वापस अपने गांव छेरकापुर जा रहा था कि कालेज के समीप बस सर्विस क्र. सीजी 22 जेड 7555 ने टक्कर मार दी, जिससे बेनीराम बुरी तरह से घायल हो गया तथा अस्पताल ले जाते वक्त दम तोड़ दिया। वहीं दोनों घायल लोगों का इलाज जारी है।

### आज परगिया कुर्मी क्षत्रिय समाज की बैठक

**मुंडा।** ग्राम पैजनी में शुक्रवार को छत्तीसगढ़ परगिया कुर्मी क्षत्रिय समाज लवनराज का बैठक रात्रि 8 बजे से रखी गई है। इसमें पूरे कार्यकाल का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया जाएगा। समाज की विकास की गति आगे ले जाने के लिए समाज प्रमुख लोगों से उद्बोधन किया जाएगा। उसी दरमियान निर्वाचन प्रक्रिया में वर्तमान पदाधिकारी के कार्यकाल समाप्त होने पर नए पदाधिकारी का चयन किया जाएगा। परगिया कूर्मी क्षत्रिय समाज लवन राज के अध्यक्ष राम अवतार वर्मा ने समाज के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

### सविता बनीं वन मंडल समिति की सभापति

**रिसदा।** जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 19 से जनपद सदस्य सविता अजय घृतलहरे को जनपद पंचायत बलौदाबाजार के वन मंडल समिति के सभापति बनाए जाने पर क्षेत्र वासियों में खुशी है। सविता अजय घृतलहरे द्वारा जनपद अध्यक्ष सुलोचना यादव, उपाध्यक्ष सुमन योगेश वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष आनंद यादव, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष सनम जांगड़े, भाजपा जिला महामंत्री कृष्णा अवस्थी, परेश वैष्णव, जितेंद्र खुटे व भाजपा बलौदा बाज़ार के सभी पदाधिकारियों का आभार प्रकट किया।



### महिला से मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम गौरिया की एक महिला के साथ दामाद और उसके भाई ने मारपीट कर दी। सांकरा पुलिस को प्रार्थिया सुरेखा सिदार पति गिरधारी सिदार (40 साल) गौरिया ने बताया कि 28 मई की रात करीब 11 बजे उसका दामाद ललकार सिंह सिदार उर्फ लीटी ने पुरानी बातों को लेकर गाली गलौज कर रहा था, इसी बीच उसके भाई करम चंद सिदार ने भी गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट किया।

**अपराध : सीसीटीवी फुटेज से पकड़े गए आरोपी, सभी परिचित**

# पुरानी रंजिश पर जलाई कार, एक अपचारी बालक सहित तीन युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा

जिले के सिमगा थाना क्षेत्र में एक चौकाने वाली घटना सामने आयी है। ग्राम किरवई में आर्टिगा कार चोरी कर उसे जलाकर नष्ट करने के आरोप में यहां चार आरोपियों सहित एक अपचारी बालक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। यह वारदात को पूर्व की रंजिश का बदला लेने के उद्देश्य से अंजाम दिया गया था। पुलिस ने मामले की जांच करते हुए घटना में प्रयुक्त माचिस, मोबाइल और मोटरसाइकिल जब्त कर ली है।

प्रार्थी डोमार साहू निवासी ग्राम किरवई ने 24 मई को रिपोर्ट दर्ज कराया कि रात के समय कोई अज्ञात व्यक्ति उसके घर में घुसकर ताला तोड़कर उसकी आर्टिगा कार सीजी 04 क्यूई 1897 चोरी कर ले गया है। इस पर थाना सिमगा में धारा 331(4), 305(A), 326(च), 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई।

जांच के दौरान सूचना मिली कि उक्त कार को ग्राम बेमता के शिवनाथ नदी किनारे जला दिया गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए सिमगा पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज की जांच और गवाहों से पूछताछ कर संदेहियों की तलाश शुरू की, जहां ग्राम सरोरा (नयापारा) थाना तिल्दा-नेवरा निवासी 20 वर्षीय भूपेंद्र कुमार साहू, ग्राम सरोरा निवासी 20 वर्षीय अमित निषाद, सरोरा निवासी 19 वर्षीय भोजराम निर्मलकर और एक अपचारी बालक से पूछताछ की गई।

घटना की रात आरोपी घर में दाखिल हुए, पूर्व जानकारी होने के कारण कार की चाबी निकाल ली और आरी ब्लेड से दरवाजे को काटकर कार चोरी की। बाद में कार को ग्राम बेमता के शिवनाथ नदी किनारे ले जाकर आग के हवाले कर दिया। पुलिस ने आरोपियों से एक माचिस, एक एप्पल कंपनी का मोबाइल, एक मोटरसाइकिल सीजी 04 केजेड 3629 को जब्त किया और आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।



### आरोपी निकले जान-पहचान वाले

पुलिस जांच में सामने आया कि मुख्य आरोपी पूर्व में प्रार्थी के घर कार्य कर चुका था। एक बार उसने प्रार्थी से कार घूमने के लिए मांगी थी, परंतु मना कर दिए जाने से वह नाराज होकर बदले की भावना से जल रहा था। वह अपने साथियों के साथ घटना की योजना बनाता रहा और अवसर पाकर वारदात को अंजाम दिया।

## जंगली सूअर काटते पकड़े गए चार आरोपी गिरफ्तार

**गिधौरी।** अर्जुनी वन परिक्षेत्र के कक्ष क्रमांक 340 में जंगली सूअर का शिकार करने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। आरोपियों के कब्ज से वन विभाग की टीम ने सुअर का मांस, दो टांगी और तराजू जब्त किया है।

- आरोपियों से सुअर का मांस, दो टांगी और तराजू जब्त किया गया

मुखबिर की सूचना पर बुधवार को वन विभाग की टीम ने दबिश दी, जहां 4 आरोपियों को जंगली सुअर के मांस, दो टांगी और तराजू के साथ रंगे हाथ पकड़ा है। उक्त कार्रवाई अर्जूनी वन परिक्षेत्र अधिकारी रूपेंद्र साहू, डिप्टी रेंजर राधेलाल चंद्राकर, बीड गार्ड पूनमचंद फेकर, भरत लाल साहू, प्रवीण आडिले, अक्षय यादव, राजेश्वर वर्मा ने चारो आरोपियों को जंगल में जंगली सुअर को कटिंग करते हुए रंगे हाथ पकड़ा जिसमें मदन लाल पिता धनी राम जाति कोडाकु 29 वर्ष ग्राम बिलारी, श्याम लाल पिता दुकालू जाति गोंड 43 वर्ष ग्राम बिलारी, दसरथ जाति कोडाकू 31 साल ग्राम बिलारी और आरोपी शांति लाल पिता रहसो 31 वर्ष ग्राम बिलारी सभी आरोपियों के खिलाफ भारतीय वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।



# मुखबिर की सूचना पर बाइक चोर गिरफ्तार, जेल दाखिल



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा

थाना क्षेत्र में मोटरसाइकिल चोरी की घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने महज कुछ ही दिनों में आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। सायबर सेल और थाना सिमगा की संयुक्त टीम ने सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी की गई मोटरसाइकिल सीजी 04 एनएम 4087 भी बरामद कर ली है।

इस रिपोर्ट पर थाना सिमगा में धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर ⏩ शेष पेज 13 पर

### शादी समारोह में गया युवक, लौटने पर बाइक गायब

जानकारी के अनुसार प्रार्थी सोमेश कुमार कुंभकार ने थाना सिमगा में रिपोर्ट दर्ज कराई था कि 8 मई को उसने अपनी यामाहा एफजेड मोटरसाइकिल को सरकारी उचित मूल्य की दुकान, बिलासपुर रोड सिमगा के सामने खड़ा किया था और अपने दोस्तों के साथ शादी समारोह में चला गया। जब वह अगली सुबह 9 मई को करीब 4 बजे लौटा, तो मोटरसाइकिल वहां नहीं थी। आसपास तलाश करने पर भी कोई जानकारी नहीं मिली।

## जिले में बाढ़ आपदा नियंत्रण कक्ष स्थापित

**बलौदाबाजार।** आगामी वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए बलौदाबाजार जिले में बाढ़ आपदा नियंत्रण की पूर्व तैयारी के तहत जिला स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। यह नियंत्रण कक्ष संयुक्त जिला कार्यालय के जनदर्शन कक्ष में 24 घंटे संचालित रहेगा। आमजन किसी भी आपात स्थिति में दूरभाष पर संपर्क कर सकते हैं।

कलेक्टर दीपक सोनी ने बाढ़ नियंत्रण हेतु जिला स्तरीय समिति का गठन करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक जिम्मेदारियां सौंपी हैं। समिति में अपर कलेक्टर मिथलेश डोण्डे को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। सहायक नोडल अधिकारी सुरेश देवांगन, जिला पुलिस नियंत्रण कक्ष , जिला चिकित्सालय नियंत्रण कक्ष एवं नगर सेना नियंत्रण कक्ष को भी सक्रिय रूप से जोड़ा गया है। कलेक्टर सोनी ने सभी उप ⏩ शेष पेज 13 पर

# चोरी की वारदात से फिर मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

नगर के वार्ड 8 में बीते दिनों एक बड़ी चोरी की वारदात सामने आई है, जिसने क्षेत्र में सनसनी फैला दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार स्थानीय निवासी महिला अपने पिता के देहांत के पश्चात 23 मई को अपने पुत्र भिखमचंद सोनी, बहू प्रियंका सोनी और तीनों बच्चों के साथ दुर्ग स्थित मायके गिरधारी नगर गई हुई थीं। इसी दौरान उनके सूने घर को अज्ञात चोरों ने निशाना बनाते हुए लाखों रुपए के आभूषण चुरा लिए।

- मायके गई महिला के सूने घर को चोरों ने बनाया निशाना, लाखों की चोरी



घटना का खुलासा उस समय हुआ जब सुबह 8 बजे घर में पानी डालने का कार्य करने वाले नरेंद्र मानिकपुरी की पत्नी ने देखा कि घर का ताला खुला हुआ है। उसने इस संबंध में फोन पर जानकारी दी और चाबी से भीतर जाकर जांच करने पर पाया कि घर का सारा सामान बिखरा हुआ है तथा आलमारी टूटी हुई है। यह देखकर तुरंत चोरी की आशंका जाहिर की गई।

महिला जब दुर्ग से वापस खरोरा पहुंचीं तो पाया कि घर के बाहर का मुख्य गेट बंद था, लेकिन अंदर के सभी दरवाजे खुले हुए थे। पुत्र भिखमचंद के कमरे का ताला भी टूटा हुआ मिला। जब घर की तलाशी ली गई तो देखा गया कि आलमारी में रखे करीब 90 हजार रुपये मूल्य के आभूषण गायब थे। इनमें सोने की अंगूठी, झुमके, कान की खुंटी, ⏩ शेष पेज 13 पर

# मौसमी बीमारी और कोरोना नियंत्रण की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

जिले में मौसमी बीमारियों के संभावित प्रकोप और कोरोना जैसी संक्रामक बीमारियों से निपटने की तैयारियों की समीक्षा हेतु कलेक्टर दीपक सोनी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय एकीकृत रोग निगरानी समिति की बैठक आयोजित की गई।

- कलेक्टर ने ली एकीकृत रोग निगरानी समिति की बैठक

बैठक में कलेक्टर सोनी ने निर्देश दिए कि सर्दी, खांसी, बुखार तथा आईएलआई एवं एसएआरआई के लक्षण वाले मरीजों की जानकारी आईडीएसपी पोर्टल पर तत्काल अपलोड की जाए। साथ ही संभावित संक्रमण की स्थिति में कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग को प्राथमिकता देते हुए व्यापक सतर्कता बरती जाए। उन्होंने सभी खंड चिकित्सा अधिकारियों, विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधकों एवं अस्पताल प्रभारियों को निर्देशित किया कि एम्बुलेंस हमेशा चालू अवस्था में रहनी चाहिए, इसके लिए ईंधन, रखरखाव और चालक की व्यवस्था ⏩ शेष पेज 13 पर



### आइसोलेशन वार्ड सक्रिय करने के निर्देश

कलेक्टर ने जिला अस्पताल में पूर्व से स्थापित 3 बेड के आइसोलेशन वार्ड को सक्रिय करने के निर्देश दिए तथा इसके लिए आवश्यक चिकित्सा स्टाफ की ड्यूटी तय करने को कहा। उन्होंने कहा कि संक्रमण से बचाव के लिए मास्क, पीपीई किट सहित अन्य सुरक्षात्मक उपकरणों का पर्याप्त भंडारण होना अनिवार्य है।

### जिले में फिलहाल स्थिति सामान्य

बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश कुमार अवस्थी ने जानकारी दी कि जिले में वर्तमान में कोरोना का कोई सक्रिय मामला नहीं है तथा स्थिति सामान्य बनी हुई है। फिर भी सतर्कता के तहत निजी अस्पतालों से भी निरंतर जानकारी ली जा रही है। इस मौके पर बैठक में सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार वर्मा, जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ. अभिजीत बैनर्जी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सृष्टि मिश्रा सहित जिले के सभी खंड चिकित्सा अधिकारी, अस्पताल प्रभारी एवं विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक उपस्थित थे।

**शिविर में युवाओं ने आत्मरक्षा कौशल का किया प्रभावशाली प्रदर्शन**

# राजस्व मंत्री ने प्रतिभागियों को वितरित किए प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी

ग्राम पंचायत अर्जुनी में आयोजित समाधान शिविर के अंतर्गत हुए सुशासन तिहार समर कैंप के समापन पर राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कैंप में भाग लेने वाले युवाओं को प्रमाण पत्र वितरित कर प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर कैंप के प्रतिभागियों द्वारा आत्मरक्षा कौशल का जीवंत प्रदर्शन भी किया गया, जिसे उपस्थित जनसमूह ने सराहा।

यह समर कैंप कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशन में जिला प्रशासन द्वारा ग्रामीण युवाओं को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। जिले की 6 चयनित ग्राम पंचायतों में दस दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए गए, जिसमें ग्राम अर्जुनी भी शामिल रहा।




**100 युवाओं ने लिया हिस्सा**

अर्जुनी ग्राम में आयोजित इस दस दिवसीय समर कैंप में लगभग 100 स्कूली विद्यार्थियों ने सहभागिता की। प्रशिक्षण के दौरान युवाओं को मार्शल आर्ट्स, जुम्बा डांस, योग, साइबर क्राइम से संबंधित जागरूकता तथा कैरियर काउंसिलिंग जैसे विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

### युवाओं के सर्वांगीण विकास की पहल

राजस्व मंत्री वर्मा ने प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र सौंपते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण न केवल युवाओं की शारीरिक एवं मानसिक दक्षता को विकसित करते हैं, बल्कि उन्हें आत्मरक्षा, आत्मविश्वास और करियर निर्माण की दिशा में भी आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करते हैं। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा गोलू जायसवाल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री दिव्या अग्रवाल, जिला पंचायत सभापति ईशान वैष्णव बलौदाबाजार नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, जनपद अध्यक्ष सुलोचना यादव सहित आसपास के ग्राम पंचायतो के सरपंच सचिव और जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# तलवार लहराकर दहशत फैलाने वाला युवक गिरफ्तार

**भाटापारा।** नगर के ओवरब्रिज के नीचे सांवरा डेरा क्षेत्र में लोगों को धारदार तलवार लहराकर डराने और धमकाने वाले एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई समाधान सेल में प्राप्त सूचना के आधार पर त्वरित रूप से की गई।

जिले में आमजन की शिकायतों एवं समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु समाधान सेल का गठन किया गया है। इस योजना के अंतर्गत नागरिक व्हाट्सएप या कॉल के माध्यम से हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत या सूचना प्रदान कर सकते हैं। इस पहल के माध्यम से जिले में आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा रहा है तथा आरोपियों की धरपकड़ में लगातार सफलता मिल रही है।

इसी क्रम में 28 मई को समाधान सेल में सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति द्वारा भाटापारा ओवरब्रिज के नीचे सांवरा डेरा क्षेत्र में तलवार लहराकर आम जनता में भय का वातावरण बनाया जा रहा है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए थाना भाटापारा शहर पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर आरोपी राजा उर्फ मुकेश 35 वर्ष, निवासी संत रविदास वार्ड, भाटापारा को हिरासत में लिया। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से एक धारदार लोहे की तलवार भी जब्त की गई। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध थाना भाटापारा शहर में धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है।



## खबर संक्षेप



### जलभराव समस्या को लेकर उप मुख्यमंत्री से की मुलाकात

**रायपुर।** राधास्वामी नगर में गंदे पानी का जलभराव की समस्या को लेकर बुधवार को उप मुख्यमंत्री अरुण साव से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान राधास्वामी नगर जनविकास समिति के अध्यक्ष सुरेन्द्र त्रिपाठी सहित पूर्व पार्षद सरिता वर्मा ने उप मुख्यमंत्री को बताया कि नाली निर्माण के स्थान परिवर्तन करने नगरीय प्रशासन विभाग को लिखे पत्र के संबध में शीघ्र प्रस्ताव स्वीकृत कराने का आग्रह किया। इसके अलावा अंतर्राज्यीय बसस्टैण्ड व टिकरापारा नाले का गंदा पानी दुधाधारी मठ के खेत से होकर राधास्वामी नगर में जाता है। सर्वोदय स्कूल से कॉलोनी वाली रोड में नाले का गंदा पानी ओवर फ्लो होने से आसपास के घरो में घुस जाता है जिसकी शिकायत वर्षों से कई बार जिलाधीश, नगर निगम आयुक्त से की है। जिस पर उप मुख्यमंत्री ने भरोसा देते कहा कि इस समस्या का निराकरण किया जाएगा।

### प्रमाणित व्हीलचेयर सेवा प्रशिक्षण से बदलेगा जीवन

**रायपुर।** आकांक्षा लायंस इंस्टीट्यूट ऑफ लर्निंग एंड एम्पावरमेंट द्वारा मोटिवेशन इंडिया के सहयोग से डब्ल्यूएचओ व्हीलचेयर सेवा प्रावधान प्रशिक्षणः बेसिक स्तर का आयोजन 26 से 31 मई तक किया जा रहा है। अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप उच्च-गुणवत्ता वाली व्हीलचेयर सेवा वितरण के स्थानीय क्षमता के अनुरूप निर्माण किया जा सके। इसके लिये शिक्षकों, प्रमुख सरकारी अधिकारियों और फिजियोथेरेपी छात्रों को एक प्लेटफॉर्म में लाने का प्रयास किया जा रहा है। व्यक्ति को जैसी व्हीलचेयर की आवश्यकता उसी के अनुरूप यह व्हीलचेयर तैयार कैसे करेंगे प्रशिक्षण में इस बारे में बताया जा रहा है। मोटिवेशन इंडिया की संयोजक सुरभि अग्रवाल ने बताया कि आकांक्षा लॉयन्स इंस्टिट्यूट ऑफ लर्निंग एण्ड एम्पावरमेंट विगत 31 वर्षों से बौद्धिक रूप से दिव्यांग बच्चों के विकास हेतु सेवारत है। संस्था में लगभग 500 से अधिक बच्चों को स्पेशल स्कूल में प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

### अहिल्या बाई होल्कर जयंती पर सफाई मित्रों का सम्मान

**रायपुर।** नगर निगम के संस्कृति विभाग की ओर से देवी अहिल्या बाई होल्कर की 300वीं जयंती केअवसर पर विविध आयोजन किया जा रहा है। इस क्रम में जोन 8 कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में महाराष्ट्र मंडल के पदाधिकारी विशाखा तोपखाने वाले की उपस्थिति में देवी अहिल्या बाई होल्कर की जीवन प्रसंगों पर चर्चा की गयी। इसके साथ ही जोन के 7 सफाई मित्र कर्मचारियों का सम्मान किया गया। साथ ही 11 महिला जन प्रतिनिधियों को मंच से सम्मानित होने का मौका मिला।

# ओडिशा का 'वेडिंग पार्सल गिफ्ट बम', आरोपी को डबल आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- आरोपी ने रायपुर के कुरियर सर्विस से भेजा था पार्सल
- प्रिंसिपल से ईर्ष्या के कारण हत्या करने बनाई थी योजना





ओडिशा के चर्चित वेडिंग बम जिसका तार रायपुर से जुड़ा है, इस मामले को लेकर बलांगीर स्थित एक स्थानीय कोर्ट ने आरोपी को दोहरे आजीवन कारावास के साथ एक लाख 70 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है।

कोर्ट ने जिस आरोपी को कैद तथा जुर्माने की सजा सुनाई है, उस आरोपी ने स्टेशन रोड स्थित एक कुरियर सर्विस से गिफ्ट के रूप में बम भेजा था, जिसे खोलने पर जबरदस्त विस्पोट हुआ और दूल्हा तथा उसकी दादी की मौत हो गई थी। पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई थी। कोर्ट ने पूंजीलाल मेहर को कैद तथा जुर्माने की सजा सुनाई है। पूंजीलाल द्वारा पार्सल के माध्यम से भेजे गए बम से सॉफ्टवेयर इंजीनियर सौम्य शेखर साहू (26) तथा उसकी दादी जेमामणी मेहेर की मौत हुई थी। विस्फोट से सौम्य शेखर की पत्नी रीमा गंभीर रूप से घायल हुई थी।

बम विस्फोट की घटना बालंगीर पाटनगढ़ में 23 फरवरी 2018 को रिसेप्शन समारोह के दौरान हुई थी। अभियोजन पक्ष के वकील ने आरोपी को फांसी देने की कोर्ट से मांग की थी, जिसे कोर्ट ने रेयरेस्ट से रेयर केस मानने से इनकार करते हुए आरोपी को दो बार आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

### ओडिशा पुलिस ने रायपुर में किया था खुलासा

पूंजीलाल मेहेर को ओडिशा पुलिस ने एक अज्ञात पत्र मिलने के बाद गिरफ्तार किया। पूंजीलाल ने फर्जी नाम किसी शर्मा के नाम से कुरियर बुक किया था। पैकेट की जांच करने पर ओडिशा पुलिस को रायपुर कुरियर कंपनी का पता मिला। इसके बाद ओड़िशा पुलिस पड़ताल करने रायपुर पहुंची थी। पकड़े जाने पर पूंजीलाल ने खुलासा किया कि वो इंटर कालेज में प्रिंसिपल था। उसकी जगह सौम्य शेखर की मां को कालेज का प्रिंसिपल बना दिया गया। इसी ईर्ष्या के चलते पूंजीलाल ने साजिश रची और रायपुर में फर्जी नाम से रहकर बम तैयार किया और गिफ्ट पैकेट बनाकर शादी समारोह में भेजकर विस्फोट कराया।

## बिजली लगाने की मांग क्षेत्र के प्रमुखों ने कलेक्टर से की

# क्षेत्र के 21 गांव आज भी विद्युत विहीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



- पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर के नेतृत्व मे ग्रामीण मिले कलेक्टर से

जिले के वनांचल क्षेत्र के 21 गांव आजादी के 76 साल होने के बाद भी अपने गांव में बिजली के लिए तरस रहे हैं। बलौदाबाजार जिले के प्रसिद्ध अभयारण्य क्षेत्र के आसपास के 21 गांवों में अभी तक बिजली के खंभे नहीं पहुंच पाये हैं, जिसके कारण ग्राम बफरा, भिभौरी, नवाडीह, गुड़ागढ़,बार, हरदी, मुड़पार, दोंद, पाड़ादाह, आमगांव, लोरिदखार, ढेबी, ढेबा, मोहदा, रवान, कौहाबहारा, मुरुमडीह, छतालडबरा, रामपुर, झालपानी, फुरफुंदी सहित 21 गांवों के लोग बिजली की रोशनी पाने के लिए तड़प रहे हैं। कई सालों से इन गांवों के जनप्रतिनिधियों ने शासन प्रशासन से बार-बार बिजली लगाने सामूहिक रूप से सैकड़ों आवेदन दिये हैं, लेकिन अभी तक कोई ठोस पहल नहीं किए जाने के कारण इस बार फिर विद्युतविहीन गांवों के प्रमुखों ने जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर के नेतृत्व में बलौदाबाजार कलेक्टर दीपक सोनी से मिलकर अपनी समस्याओं से अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल में आये गबौद निवासी पुरुषोत्तम प्रधान ने कलेक्टर से समस्या से अवगत कराते हुए बताया कि बिजली की समस्या हमारे वनांचल के गांवों में बिजली नहीं होने के कारण हम सबका जीना दूभर हो गया है। भीषण गर्मी के समय घरों में रहना कठिन हो जाता है, बच्चे बूढ़े गर्मी से परेशान हो जाते हैं और बरसात में विषैले जीव-जंतुओं के काटने का भय बना रहता है। इस कारण रात को ठीक से सो नहीं पाते। बिजली नहीं होने के कारण कई जरुरी कामों के लिए 25 से 30 किलोमीटर दूर पिथौरा जाना पड़ता है। न टीवी देख सकते हैं, ना पंखा कूलर चला सकते हैं, और ना ही मोबाईल चार्ज कर सकते हैं। शासन ने सोलर लाइट की व्यवस्था की है जो ले दे के सिर्फ आधा घंटा ही चल पाता है। जिसमें सिर्फ़ दो बल्ब ही आधे घंटे जल पाता है। बारनवापारा में जियो का टॉवर तो लग गया है लेकिन मोबाइल चार्ज करने का साधन नहीं होने के कारण उसका भी उपयोग नहीं कर पा रहें हैं।

ग्राम आमगांव के पूर्व सरपंच अनिरुद्ध दीवान ने बताया कि बिजली नहीं होने का सबसे बड़ा दुष्परिणाम बच्चों के भविष्य पर पड़ रहा है। ऑनलाइन पढ़ाई से बच्चे वंचित हो रहें हैं, साथ ही घरों में रोशनी नहीं होने के कारण भी पढ़ाई प्रभावित हो रही है। फ़ोटोकॉपी या अन्य आवश्यक कार्यों के लिए लंबी दूरी तय कर पिथौरा जाना पड़ता है, जिससे आर्थिक बोझ का भी सामना करना पड़ता है। कलेक्टर ने समस्या को गंभीरता से लेते हुए तत्काल विद्युत विभाग के इंजीनियर से बात कर जंगल क्षेत्र के विद्युत विहीन गांवों में विद्युत आपूर्ति करने आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये और लगभग 95 करोड़ रुपये का प्रस्ताव विद्युत विहीन गांवों में बिजली लगाने कार्ययोजना बनाये जाने की जानकारी दी, साथ ही कलेक्टर ने आगामी दिनों में बारनवापारा क्षेत्र में दौरा कर क्षेत्र की समस्याओं के निराकरण के लिए प्रयास करने की बात कही।

प्रतिनिधि मंडल में बार के सरपंच भुवन यादव, आमगांव के पूर्व सरपंच अनिरुद्ध दीवान, पुरुषोत्तम प्रधान, ढेबी के पूर्व सरपंच अमरध्वज यादव, दिनेश ठाकुर, भागवत प्रसाद, धरमदास रात्रे, संजीव ठाकुर, अंजोरसिंह नागवंशी, संपत ठाकुर, संतोष ठाकुर शामिल थे।

# गुरु अर्जन देव के शहादत दिवस पर शरबत का वितरण




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

सिख समाज ने पंचम पातशाह श्री गुरु अर्जन देव महाराज के शहीदी दिवस पर गुरुवार को अम्बेडकर चौक में शरबत सेवा का आयोजन कर गुरुजी के महान बलिदान को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर समाज के बच्चों से लेकर वरिष्ठजनों तक ने सेवा भाव से भाग लिया और राहगीरों को ठंडे मीठे जल का वितरण किया।

गौरतलब है कि गुरु अर्जन देव जी का शहीदी दिवस सिख इतिहास का एक अत्यंत पवित्र और प्रेरणादायक दिन है। यह दिन मई के अंत अथवा जून की शुरुआत में मनाया जाता है। सिख समाज इस पावन अवसर पर समाज सेवा के अंतर्गत शरबत सेवा करता है, जो लगभग 40 दिनों तक चलती है। यह सेवा उस गर्मी की पीड़ा की स्मृति में की जाती है, जो गुरु अर्जन देव जी ने धर्म की रक्षा करते हुए सहन की थी।

इस अवसर पर सेवा में भाग लेने वालों में प्रमुख रूप से बलविंदर सिंह पनेसर, अमरदीप सिंह चावला, मनवीर सिंह चावला, मनप्रीत सिंह जी, अखंड सिंह सलूजा, जगदीप सिंह चावला, रीवा कौर चावला, अवीर सिंह चावला, इंद्राणी सहित सिख समाज की साज संगत शामिल थे। विशेष उल्लेखनीय यह रहा कि 3 साल के छोटे-छोटे बच्चों ने भी सेवा में उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिससे सेवा का दृश्य अत्यंत भावनात्मक और प्रेरणादायक बन गया।

# महतारी सदन व प्रार्थना शेड का भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला

कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा द्वारा स्वीकृत ग्राम पंचायत नवापारा में महतारी सदन एवं ग्राम पंचायत मुड़पार में प्रार्थना शेड का भूमिपूजन भाजपा के वरिष्ठ नेता विजय केशरवाणी जनपद अध्यक्ष दौलत पाल एवम भाजपा मंडल अध्यक्ष हेमंत बघमार ने किया। इस अवसर पर विजय केशरवानी ने कहा की राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा ने आज क्षेत्र के विकास के लिए कई कार्य स्वीकृत किए हैं। भाजपा की सरकार को सभी वर्गों की चिंता है। जनपद अध्यक्ष दौलत पाल एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष हेमंत बघमार ने निर्माण कार्य की स्वीकृति के लिए मंत्री का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर भाजयुमो अध्यक्ष करण वर्मा, नवापारा सरपंच डोमार मार्कण्डेय, जनपद सदस्य झग्गर पाल, रामकुमार साहू, नरेश केशरवनी, लोकनाथ वर्मा, खोमलाल साहू सहित ग्रामीण जन शामिल हुए।



# अहिल्याबाई की जन्म जयंती में शामिल हुए राजस्व मंत्री टंकराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

नगर में अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जन्म जयंती नगर पंचायत द्वारा नगर के सांस्कृतिक भवन में आयोजित की गई। अहिल्याबाई होलकर द्वारा किये गए सामाज सुधार और उनके अनेक समाज के प्रति योगदान को याद करते हुए महिला सम्मान सह संगोष्ठी कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिनमे प्रमुख रूप से छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, आरंग विधायक गुरु खुशुवंत साहेब, भाजपा रायपुर जिला अध्यक्ष श्याम नारंग, जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल शामिल हुए नगर पंचायत अध्यक्ष सुनीता अनिल सोनी ने कार्यक्रम में शामिल हुए। समस्त अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए नगर के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले महिलाओं का मंत्री के हाथों सम्मान करवाया गया। कार्यक्रम में नगर पंचायत के उपाध्यक्ष सुमित सेन व समस्त पार्षद उपस्थित रहे। साथ ही कार्यक्रम में एसडीएम आशुतोष देवांगन, तहसीलदार शेखर मंडाई, मुख्य नगरपालिका अधिकारी होरी सिंह ठाकुर, अधिकारी कर्मचारी सहित बड़े संख्या में जनसमूह उपस्थित रहे।

# विकसित कृषि संकल्प अभियान का आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा






आरंग ब्लॉक के भैंसा में विकसित कृषि संकल्प अभियान का आगाज मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, तोखन साहू केंद्रीय राज्य मंत्री, राम विचार नेताम कृषि मंत्री, विधायक आरंग द्वारा कृषि रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। निदेशक डॉ. पीके राय एवं नोडल ऑफिसर ने विकसित कृषि संकल्प अभियान आगाज कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर रायपुर जिले के अधिकारी एवं समस्त विभागों के अधिकारी, वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केंद्र, कृषि वैज्ञानिक, कृषि उद्यानिकी, पशु चिकित्सा विभाग, मत्स्य विभाग के जिला अधिकारियों के साथ-साथ अन्य विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। इस विकसित कृषि संकल्प अभियान में हजार किसान, महिलाओं एवं युवाओं ने भाग लिया। 29 मई को संस्थान के वैज्ञानिक डॉ. एस. के शर्मा, डॉ. बिनोद कुमार चौधरी, डॉ. ममता चौधरी, डॉ. विनय कुमार, डॉ आशीष मराठे एवं डॉ अर्कप्रभ राय, ने रायपुर, दुर्ग, भाटापारा एवं बेमेतरा कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा आयोजित कर्यक्रमों में भाग लिया।

# ईदगाह भाठा पानी टंकी से सारथी चौक तक पाइप लाइन का होगा विस्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



गर्मी निकलने के बाद भी ब्राम्हणपारा वार्ड के धोबीपारा सामुदायिक भवन के पास, पंचपथ पारा, सोहागा मंदिर के पीछे वाले क्षेत्र में पेयजल समस्या का नगर निगम तोड़ नहीं निकाल पाया है। अब इस समस्या का समाधान करने ईदगाह भाठा पानी टंकी से सारथी चौक तक पाइप लाइन का विस्तार कार्य किया जायेगा। जल विभाग के अधिकारियों द्वारा सारथी चौक, लाखेनगर चौक और लीली चौक में पाइप लाइन जांच करने गड्ढा खोदने के बाद भी पेयजल समस्या दूर नहीं होने पर ईदगाह भाठा पानी टंकी से सारथी चौक तक पाइप लाइन विस्तार की तैयारी है।

बुधवार को रायपुर दक्षिण क्षेत्र के विधायक सुनील सोनी और महापौर मीनल चौबे ने ईदगाह भाठा पानी टंकी से ब्राम्हणपारा वार्ड के सारथी चौक तक पाइप लाइन विस्तार कार्य का कुदाल चलाकर शुभारंभ किया। इस पर 38 लाख रुपये खर्च आयेगा। श्री सोनी ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल ब्राम्हणपारा वार्ड में पाइप लाइन विस्तार का कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ करवाने के निर्देश दिये, ताकि वार्ड के रहवासियों को पानी की समस्या से जूझना न पड़े। उन्होंने बार-बार किये जाने वाले गड्ढों को लेकर अधिकारियों के समक्ष अपनी नाराजगी व्यक्त की। भूमिपूजन कार्यक्रम में जलकार्य विभाग अध्यक्ष संतोष साहू, एमआईसी सदस्य सरिता दुबे, अमर गिदवानी, वार्ड पार्षद अजय साहू, पूर्व पार्षद प्रेम बिरनानी, मंडल अध्यक्ष संतोष सोनी, विनय ओझा, जोन कमिश्नर अरूण ध्रुव, नगर निगम जल कार्य विभाग और जोन के अधिकारी सहित वार्डवासी उपस्थित रहे।

# 1400 केंद्रों में 7 हजार 508 मीट्रिक टन धान का शार्टेज, 17 करोड़ का घाटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- गरमी से धान सूखा और वजन हो गया कम
- घाटे का जिम्मा सोसाइटी प्रबंधकों के सिर

छत्तीसगढ़ में पिछले खरीफ सीजन 2024-25 में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदे गए धान का उपार्जन केंद्रों के रिकार्ड के मिलान से ये तथ्य सामने आया है कि राज्य के करीब 1400 धान उपार्जन केंद्रों में 7 हजार 508 मीट्रिक टन धान का शार्टेज है। माना जा रहा है कि यह धान भीषण गर्मी की वजह से सूखने से वजन कम हो गया। सहकारिता क्षेत्र में इसे सूखत के नाम से जाना जाता है। अब शार्टेज धान की भरपाई उन सोसाइटी प्रबंधकों से करवाई जाएगी, जिनके उपार्जन केंद्रों में यह धान कम हुआ है।

छत्तीसगढ़ में पिछले खरीफ सीजन के धान को लेकर लगातार आशंकाए सामने आ रहीं थीं कि गरमी की वजह से धान सूखने से वजन में कमी आएगी। हरिभूमि ने भी इस संबंध में अलग-अलग समय पर रिपोर्ट प्रकाशित की है। वजह साफ है, धान की खरीदी पिछले साल 14 नवंबर से शुरू हुई थी जो 31 जनवरी तक जारी रही। इसके बाद फरवरी, मार्च, अप्रैल से लेकर मई का महीन भी समाप्त होने का आया है, लेकिन राज्य के 33 में से 28 जिलों में धान का पूरा उठाव या परिवहन नहीं हो सका है, जबकि इस धान का परिवहन प्रशासन को 28 फरवरी तक कर लेना था। उपार्जन केंद्रों में अभी भी करीब 92 लाख मीट्रिक टन धान का जमाव मार्कफेड के रिकार्ड में दिख रहा है।

### अभी आधे केंद्रों का ही हुआ है मिलान

सहकारी क्षेत्र के उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार राज्य में अब तक 1400 केंद्रों के धान के हिसाब का मिलान किया गया है। उसमें ही 7 हजार 508 मीट्रिक टन की कमी आई है। धान की कमी होने पर मार्कफेड सोसायटी प्रबंधकों से 2300 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से वसूली कर रहा है। इस हिसाब से यह मामला 17 करोड़ रुपयों से अधिक के घाटे का है। लेकिन इससे भी महत्वपूर्ण तथ्य ये है कि राज्य में कुल मिलाकर 2 हजार 739 सोसायटियां अपने हजारों उपार्जन केंद्रों के माध्यम से धान खरीदती है। लेकिन ये हिसाब पूरा नहीं हुआ है। अभी घाटे का आंकड़ा 1400 केंद्रों का है। जब सभी सोसायटियों के उपार्जन केंद्रों का मिलान होगा तो यह आंकड़ा एक बड़े घाटे का आकार लेगा यह तय है।



### लकड़ी लेने जंगल गई युवती पर भालू का हमला

**महासमुंद।** जिले के सरायपाली क्षेत्र के ग्राम समदरहा में लकड़ी लेने के लिए जंगल गई एक युवती पर भालू ने अचानक हमला कर दिया। हमले से युवती घायल हो गई। उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दाखिल कराया गया है। वन विभाग ने तत्कालीन प्राथमिक उपचार के लिए 500 रुपए की सहायता राशि भी प्रदान की है।

वन विभाग से मिली जानकारी अनुसार सुनीता बरिहा पिता सरंथो (19) निवासी रेहटीखोल अपने मामा गांव समदरहा गई थी। ग्रामीण महिलाएं अनादी साहू, नमिता बरिहा, अंजू बारीक, सुनीता साहू, सुष्मिता बरिहा आदि के साथ सूखी लकड़ी लेने के लिए महुआ झरनी जंगल 28 मई को सुबह लगभग 8 बजे निकली थी। सभी लकड़ी इकट्ठा कर रहे थे। इसी दौरान एक साथ चार भालू जंगल से नीचे की ओर उतर रहे थे। भालुओं से उनका सामना हो गया। मादा भालू ने अपने शावकों को बचाने के लिए महिलाओं को दौड़ाया। भालू को देखकर 5-6 महिलाएं भागने में सफल हो गईं। सुनीता बरिहा गिर गई और भालू ने उस पर हमला कर दिया। चिल्लाने के बाद भालू वहां से भाग गया। ग्रामीणों को भालू के हमले की खबर लगने पर मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने भालुओं को खदेड़ा। सुनीता बरिहा को डायल 112 वाहन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां उनका इलाज है। मालूम हो कि तेंदूपत्ता तोड़ने गए दो लोगों पर पिछले माह भी भालुओं ने हमला कर दिया था।

### पीएम योजना की श्वेता भगत ब्लाक समन्वयक बनीं

**धमतरी।** जिला पंचायत धमतरी में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत विकासखण्ड समन्वयक के रिक्त संविदा पद पर भर्ती के लिए कोरबा के जमनीपाली निवासी श्वेता भगत का चयन मेरिट क्रम के आधार पर किया गया है। सीईओ जिला पंचायत सीईओ ने बताया कि संविदा नियुक्ति अधिकतम 3 साल के लिए होगी। नियुक्ति के दौरान एकमुश्त वेतन 39 हजार 875 रूपये दिये जाएंगे। उन्होंने बताया कि यह नियुक्ति छ.ग.शासन के निर्देशानुसार छ.ग. सिविल सेवा, संविदा नियुक्ति के नियम के अधीन होगी। सीईओ ने बताया कि चयनित अभ्यर्थी को 15 दिनों के भीतर जिला पंचायत में अपनी उपस्थिति देनी होगी। नियत तिथि के बाद उपस्थित होने पर संबंधित की नियुक्ति मान्य नहीं होगी और उनकी नियुक्ति खुद ब खुद निरस्त होगी।

## खबर संक्षेप

### धमतरी जिले के 16 प्रकरणों पर सुनवाई 2 को

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती किरणमयी नायक आगामी 2 जून को धमतरी जिले के 16 प्रकरणों पर सुनवाई करेंगी। जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती जगरानी एक्का ने बताया कि यह सुनवाई सुबह 11 बजे से जिला पंचायत सभाकक्ष में होगी।

## पेज 11 के शेष

### मुखबिर की सूचना...

विवेचना प्रारंभ की गई।सिमगा एवं सायबर सेल की संयुक्त टीम ने घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और मुखबिर की सूचना पर दो संदिग्धों सिमगा निवासी 20 वर्षीय राजा यादव और दरचुरा निवासी 25 वर्षीय दानेश्वर वैष्णव उर्फ दादू को हिरासत में लिया। पूछताछ में दोनों ने मोटरसाइकिल चोरी करना स्वीकार किया। दोनों आरोपियों की निशानदेही पर चोरी की गई मोटरसाइकिल बरामद की गई और आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

### जिले में बाढ़ ...

जिला अधिकारियों (एसडीएम) को वर्षामापी यंत्रों की जांच एवं दुरुस्तीकरण के निर्देश दिए हैं। साथ ही संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों एवं राहत शिविरों का चिन्हांकन कर पूर्व तैयारियां सुनिश्चित करने को कहा है।

### मौसमी बीमारी और...

में किसी प्रकार की लापरवाही न हो।साथ ही ऑक्सीजन प्लांट, गैस सिलेंडर एवं पाइपलाइन की स्थिति की जांच के निर्देश दिए गए। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि जांच उपकरण, किट, रिएजेंट व आवश्यक दवाइयों की पर्याप्त उपलब्धता हो। आवश्यकता पड़ने पर संबंधित विभाग को मांग पत्र भेजा जाए।

### चोरी की वारदात..

बच्चों की सोने की लॉकेटें, चांदी की पायलें, बिछुए, करधन और ब्रेसलेट शामिल हैं। प्रार्थी महिला ने घटना की जानकारी परिजनों उषा सेन, उतरा साहू, बहू प्रियंका सोनी और देवर अनिल सोनी को दी और तत्काल पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करवाई। मामले की गंभीरता को देखते हुए खरोरा थाना में भारतीय न्याय संहिता की धारा बीएनएस 331 व 305 के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ कर दी गई है।

**शिविर : 10 जागरूकता रथों को हरी झंडी दिखाकर अभियान की शुरुआत की**

# संवाद से करते हैं समाधान, यही है सुशासन तिहार की पहचान : सीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

आरंग विधानसभा के ग्राम भैंसा में आयोजित विकसित कृषि संकल्प अभियान एवं सुशासन तिहार के संवाद से समाधान शिविर में प्रदेश के मुखिया विष्णु देव साय शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने देशभर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 29 मई से 12 जून तक चलने वाले 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' के तहत 10 जागरूकता रथों को हरी झंडी दिखाकर अभियान की शुरुआत की। शिविर में मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निर्मित 110 पक्के मकानों की चाबी हितग्राहियों को सौंपी और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प है कि देश का कोई भी गरीब परिवार कच्चे मकान में न रहे। हमारी सरकार इस संकल्प को साकार करने हेतु छत्तीसगढ़ में 18 लाख से अधिक प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत कर चुकी है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि बचे हुए पात्र परिवारों को आवास प्लस प्लस योजना के अंतर्गत जोड़ा जाएगा। मुख्यमंत्री ने ग्राम भैंसा और आसपास के क्षेत्रों के विकास के लिए करीब 3 करोड़ 50 लाख रुपए की लागत वाले विभिन्न कार्यों की घोषणा की। इसमें ग्राम भैंसा में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए 75 लाख,





हाईस्कूल भवन निर्माण के लिए 75 लाख, पानी टंकी एवं पाइपलाइन विस्तार हेतु 55 लाख, हायर सेकंडरी स्कूल निर्माण हेतु 50 लाख, अहाता एवं शेड निर्माण हेतु 20 लाख, ग्राम अमोदी में पाइपलाइन विस्तार हेतु 42 लाख, हायर सेकंडरी स्कूल में तीन अतिरिक्त कक्षों के निर्माण हेतु 24 लाख की राशि प्रदान करने की घोषणा की। इसके अतिरिक्त उन्होंने भैंसा में नवीन पुलिस चौकी खोलने की भी घोषणा की।

मुख्यमंत्री साय ने समाधान शिविर के दौरान विभिन्न हितग्राहियों से योजनाओं के फीडबैक भी लिए। श्रीमती चंदन ने 'महतारी वंदन योजना' के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि वे इस योजना की राशि का उपयोग बच्चों की पढ़ाई और आवश्यक जरूरतों में करती हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि सुशासन तभी सार्थक होता है जब उसकी गूंज गांव-गांव और घर-घर तक सुनाई दे। आज प्रधानमंत्री आवास की चाबियाँ सिर्फ मकान की नहीं, बल्कि आत्मसम्मान और सुरक्षित जीवन की चाबियाँ हैं।कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू और कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने किसानों को कृषि संकल्प अभियान से जुड़ने का आह्वान करते हुए कहा कि रिसर्च सिर्फ प्रयोगशालाओं में न रहे, बल्कि गाँव-गाँव तक पहुँचे। केंद्र सरकार के 100 वैज्ञानिक इस अभियान में भाग लेंगे, जो स्थानीय वैज्ञानिकों और अधिकारियों के साथ मिलकर प्रतिदिन दो-दो कैंप लगाएंगे और किसानों को उन्नत खेती की जानकारी देंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का सपना है कि भारत के किसान जितने सशक्त होंगे, देश उतना ही मजबूत होगा।।समाधान शिविर में रायपुर कलेक्टर गौरव सिंह ने बताया कि जिले में प्रथम चरण में कुल 2,98,635 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 2,89,968 आवेदन माँग संबंधित थे और 8641 शिकायतें थीं। इनमें से सभी का समाधान कर लिया गया है, केवल 26 शिकायतें लंबित हैं। उन्होंने बताया कि शिविरों में 5000 से अधिक लर्निंग लाइसेंस भी बनाए गए हैं।

आज के इस समाधान शिविर में प्रदेश के विष्णु देव साय, केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, मंत्री टंकराम वर्मा, विधायक अनुज शर्मा, विधायक गुरु खुशवंत साहेब, जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल सहित गणमान्यजन व बड़ी संख्या में कार्यकर्ता सहित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## अर्जुनी में विकसित कृषि संकल्प अभियान का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी

प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति अर्जुनी में 29 मई को कृषि विभाग द्वारा विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें कृषि उद्यानिकी मत्स्य पशु चिकित्सा द्वारा अपने-अपने विभाग की जानकारियां किसानों को दी गई। इस आयोजन में मृदा परीक्षण खेत की तैयारी फसल चयन बीज उपचार संतुलित उर्वरक का उपयोग जल संरक्षण समय पर बोनी कतार बोनी की विस्तृत जानकारी उपस्थित किसानों को दी गई। इस अवसर में उपसंचालक कृषि दीपक कुमार नायक, जनपद सदस्य प्रतिनिधि त्रिलोक यादव उपसरपंच विष्णु साहू, समिति प्राधिकृत अधिकारी जवाहरलाल वर्मा, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी अवधेश उपाध्याय, पीडी वर्मा, बीपी शर्मा मत्स्य निरीक्षक भाटापारा बालकृष्ण राठौर उद्यानिकी भाटापारा विजय प्रकाश घृत लहरे पशु चिकित्सा भाटापारा हरीश चतुर्वेदी ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी समिति प्रबंधक मुक्तानंद वर्मा चंद्रशेखर वर्मा तोमेश वर्मा तुकाराम रजक सुरेंद्र वर्मा रतन वर्मा संजय रजक संतोष वर्मा बाबूलाल रजक रामकुमार साहू कमलेश वर्मा हरिशंकर वर्मा हीरालाल वर्मा सहित

## समर कैंप में छात्र सीख रहे कई हुनर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार-सरसीवां

पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला अमोदी में समर कैंप जारी है। समर कैंप का स्कूली बच्चे खूब आनंद ले रहे हैं। पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला अमोदी के आयोजन प्रबंधन समिति के सभी सदस्य बारी-बारी से सम्मिलित होकर कई विधाओं पर बच्चे हुनर सीख रहे हैं। समर कैंप में नृत्य, संगीत, वादन, गायन, मिट्टी के खिलौने, टाइम मेकिंग, योग अभ्यास जैसे कई विधाओं पर बच्चे गतिविधियां सीख रहे हैं। बच्चे मोतिया पिरोना, फूलों की माला गुंथना गतिविधियां सीखने के लिए प्रशिक्षक भी हैं। समर कैंप में संकुल केंद्र के प्रभारी शिक्षक, संकुल समन्वय स्कूल के प्रधान पाठक, सहायक शिक्षक, सफाई कर्मी एवं गांव के पालकगण प्रबंधन समिति के अध्यक्ष उपाध्यक्ष एवं सदस्य गण शामिल हो रहे हैं। 31 मई को समर कैंप का समापन दिवस है। बच्चे प्रतिदिन नाश्ता का आनंद उठा रहे हैं।



### समर कैंप में छात्रों ने बनाया ब्रह्मोस मिसाइल ड्राइंग

**बगबुड़ा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय -दतान(ख) बगबुड़ा में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों ने भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान में सर्जिकल स्ट्राइक में उपयोग ब्रह्मोस मिसाइल का डाईंग सीट में सुन्दर चित्र बनाया। प्रभारी प्राचार्य एवं कार्यक्रम अधिकारी चन्द्र कुमार बंछोर, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष कंशराम निषाद की उपस्थिति में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों ने यह माडल बनाया। विदित हो कि संस्था के प्राचार्य चन्द्र कुमार बंछोर सेना से रिटायर्ड फौजी हैं, और वे स्वयं पाकिस्तान, चीन बार्डर में सेवा दिए हैं। गांव के पढ़े लिखे नौजवानों को सेना, अर्धसैनिक बल, पुलिस में जाने के लिए ट्रेनिंग देते हैं। समर कैंप में कक्षा 12वीं के छात्र एवं छात्राओं को प्रतियोगिता परीक्षा की भी तैयारी करायी जा रही।



## सोनारदेवरी-बांसबिनौरी मार्ग गड्ढे में तब्दील

**पलारी।** विकासखंड के ग्राम सोनारदेवरी और बांसबिनौरी को जोड़ने वाले मार्ग खस्ताहाल स्थिति में है मार्ग पर गड्ढों की अनगिनत श्रृंखला बनी हुई है। एक दो दिन की बारीश में ही गड्ढे जलाशय सा प्रतीत होने लगे हैं। राहगीरों के लिए समझ पाना मुश्किल है कि किस गड्ढे की गहराई कितनी है वाहन उस गड्ढे में फंसकर गिर रहे हैं, क्योंकि राह पर वाहन चलाने की जगह नहीं रहती, गड्ढों से होकर ही आवागमन किया जा सकता है, जबकि अभी बरसात बाकी है। सोनारदेवरी और बांसबिनौरी को जोड़ने वाली सड़क मार्ग महज 1 किमी ही जिसे बनाने में जिम्मेदारों के पसीने छूट रहे हैं, जबकि सालों से ग्रामीण इस मार्ग की निर्माण की मांग कर रहे हैं। अगर इस मार्ग का निर्माण बरसात के पहले हो जाता है तो ग्रामीणों को घुमकर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी, जिससे उनके समय के साथ साथ 10-15 किमी की बचत होगी।



ग्रामीणों की समस्या को संज्ञान में लेते हुए विधायक संदीप साहू इस सड़क निर्माण कार्य को प्राथमिकता क्रम में लिया है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों ने अवगत कराया है कि मार्ग काफी जर्जर है, जिस पर चलना मुश्किल है। विधायक ने बताया कि इस मार्ग के लिए प्रांक्लन तैयार कर स्वीकृति के लिए संबंधित विभाग को भेजा गया है। स्वीकृति मिलते ही सबसे पहले सड़क निर्माण कार्य होगा, ताकि मार्ग के लिए ग्रामीणों को परेशानी न हो।

## ग्रामीणों ने बैंक शाखा खोलने की मांग की



हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी- रावन

मोहरा में बुधवार को सुशासन तिहार पर ग्रामीणों ने जिला सहकारी समिति बैंक, बलौदा बाजार की शाखा खोलने की मांग की। इसके लिए ग्रामीणों ने ज्ञापन भी सौंपा। ग्रामीणों ने बताया कि वर्तमान में नजदीकी बैंक शाखा भटभेरा में है, जो करीब 15 किमी दूर स्थित है। किसानों और ग्रामीणों को लेन-देन के लिए वहां जाना पड़ता है। सड़क की स्थिति खराब होने और अत्यधिक भीड़ के चलते किसानों को कई बार देर रात तक लौटना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि मोहरा भाले सुर सहित आसपास गांवों के ग्रामीणों को इससे परेशानी होती है। अतः शीघ्र मोहरा में बैंक शाखा खोले जाने की मांग की गई।

## सरकारी स्कूलों में घट रही छात्रों की संख्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोपालपुर

शिक्षा रीढ़ की हड्डी है, इसके बिना देश के विकास की कल्पना नहीं की जा सकती। सरकार की सोच है, हर बच्चे पढ़ लिखकर लायक व योग्य बने, ताकि आने वाले समय में हर क्षेत्र में पहुंचकर राज्य- देश के बाग डोर संभाल सके। इसी पथ पर चलकर गांव-गांव के हर किलोमीटर में स्कूल खोलने का काम किया था। जो स्वागत योग्य व सहरानीय कार्य था। लेकिन सरकार के उद्देश्य अब खोखला नजर आ रहे हैं। क्षेत्र के सभी जगह शासकीय स्कूल बंद होने के कगार पर है।, इसका यह कारण समझ आता है। इनमें पदस्थ शिक्षक- शिक्षिकाओं को सरकार हर कार्य में ड्यूटी लगाती हैं, जिसके कारण विद्यालय के पढ़ाई प्रभावित होती है। निजी स्कूलों के शिक्षक-शिक्षिकाओं को कही भी कोई कार्य नहीं करवाया जाता, इनका एक कार्य रहता है बच्चे को पढ़ाई करवाना।

हर लोगों का विश्वास है निजी स्कूलों में पढ़ाई अच्छी होती है। हर मां बाप का सपना संजोए रहते हैं अपने बच्चों को अच्छी स्कूल में पढ़ाने का इसी कारण से आज शासकीय स्कूल बंद होने के कगार पर है और निजी स्कूलों फल फूल रहे हैं। इसका खामीयाजा को गरीबों को झेलना पड़ रहा है।

गरीब परिवार के बच्चों ने बताया कि कर्मचारियों, अधिकारियों, विधायक, सांसद, मंत्री व सम्पन्न लोग अपने बच्चों को निजी स्कूलों में पढ़ाई करवाकर अच्छा से शासकीय विभाग में कर्मचारियों, अधिकारियों व अच्छा से नेता बनाना चाहते हैं। इस बीच गरीब के बच्चे बेरोजगार घुमते नजर आते हैं।बच्चों ने शासन से मांग करते हुए कहा कि सरकारी स्कूलों को बंद होने से बचाने के लिए कोई ठोस उठाया जाए।

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में
आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार

| | | |
|---|---|---|
| बलौदाबाजार शहर | 5 पद | योग्यता |
| भाटापारा शहर | 5 पद | 12 से स्नातक |
| कसडोल | 2 पद | वेतन |
| लवन | 2 पद | 10000/- |

हरिभूमि समाचार पत्र में ऐसे युवकों की आवश्यकता है जो बलौदाबाजार, भाटापारा, कसडोल, लवन क्षेत्र के शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र में अखबार का प्रसार कार्य कर सके, विज्ञापन एवं खबरों का भी दायित्व निभा सकें।
जिसके पास स्वयं का वाहन हो, इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा एवं बैंक एकाउंट, आधार कार्ड के साथ तुरंत संपर्क करें।
Resume Whatsapp करें 8370049468

बलौदाबाजार - 9926204007
7898815726
भाटापारा - 6264463895
9090090107
कसडोल - 9425891644
- 9584860177
लवन - 9179250793

हरिभूमि
कार्यालय
धमतरी रोड,
टिकरापारा, रायपुर
(छत्तीसगढ़)

**भागवत कथा के समापन पर सुनाई गई श्रीकृष्ण और सुदामा की कथा**

# सच्चा मित्र वहीं जो संकट में साथ दे : आचार्य नंदकुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी-रावन

ग्राम मोहरा में आयोजित भागवत कथा के अंतिम कथा वाचक आचार्य नंदकुमार शर्मा ने बताया कि भगवान श्री कृष्ण ने माया को आदर देते हुए सर्वप्रथम रुक्मणी से विवाह किए, उसके बाद क्रमशः सत्यभामा, जामवंती, कालिंदी आदि उनकी आठ पटरानीयां हुई।

आचार्य ने सुदामा चरित्र की कथा का वृतांत सुनाते हुए कहा कि,सुदामा अपनी पत्नी सुशीला के कहने पर द्वारिकाधीश श्रीकृष्ण से मिलने पहुंचे। सुदामा की दयनीय दशा को देखकर द्वारपालों ने प्रवेश द्वार पर ही रोक दिया। मित्र सुदामा के आने की सूचना पर भगवान कृष्ण नंगे पैर आए। सुदामा को राज सिंहासन पर बिठाकर उनके पैरों लगे घाव को देखकर रो पड़े। भगवान कृष्ण ने अपने आसुओं की धार से मित्र सुदामा के पैरों को धो दिया। सुदामा द्वारा उपहार में लाए दो मुट्ठी चावल खाकर उनको दो लोकों का राजा बना दिया।

परीक्षित मोक्ष कथा में उन्होंने बताया कि श्रृंगी ऋषि के श्राप को पूरा करने के लिए तक्षक नामक सांप वेश बदलकर राजा परीक्षित के पास पहुंचा। डसने से जहर के प्रभाव से राजा का शरीर जल जाता है। मृत्यु हो जाती है, उनको मोक्ष प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि भागवत कथा सुनने मात्र से ही सारे पापों का नाश हो जाता है। वह जमीन पवित्र हो जाती है। संसार में मनुष्य को सदा अच्छे कर्म करना चाहिए। तभी उसका कल्याण संभव है। माता-पिता के संस्कार ही संतान में जाते हैं। संस्कार ही मनुष्य को महानता की ओर ले जाता है। श्रेष्ठ कर्म से ही मोक्ष की प्राप्ति संभव है। अहंकार मनुष्य में ईर्ष्या पैदा कर अंधकार की ओर ले जाता है। मनुष्य को सदा सतकर्म करना चाहिए। उसे फल की चिंता ईश्वर पर छोड़ देनी चाहिए। वर्तमान समय में सच्चे मित्र कम ही मिलते हैं। कथा के अंतिम कथा सुनने श्रोताओ की अपार भीड़ उमड़ पड़ी।





### कृष्ण व सुदामा की कथा सुनकर श्रोता भाव विभोर हुए

भगवान कृष्ण व सुदामा की सुंदर कथा सुनकर श्रोता भाव विभोर हो गए। सुदामा से परमात्मा ने मित्रता का धर्म निभाया। राजा के मित्र राजा होते हैं रंक नहीं, पर परमात्मा ने कहा कि मेरे भक्त जिसके पास प्रेम धन है। वह निर्धन नहीं हो सकता। कृष्ण और सुदामा दो मित्र का मिलन ही नहीं जीव व ईश्वर तथा भक्त और भगवान का मिलन था। जिसे देखने वाले अचंभित रह गए थे। आज मनुष्य को ऐसा ही आदर्श प्रस्तुत करना चाहिए। सेवा के द्वारा ही व्यक्ति महान बनता है। आचार्य ने कहा कि मित्र से कभी छल कपट न कर उसके सहयोग की भावना होनी चाहिए। मित्रता में ऊंच नीच का भेदभाव नहीं होना चाहिए। मित्रता के बीच कभी अमीर, गरीब की दूरी भी नहीं होनी चाहिए। हर एक परिस्थिति में एक दूसरे का सहयोग करना चाहिए। आज के इस दौर में भी श्रीकृष्ण व सुदामा के बीच दोस्ती की मिशाल दी जाती है।

## खबर संक्षेप

### दो लोगों से महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** बसना पुलिस ने अलग-अलग मामलों में दो लोगों से महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने पथरला से मोहगांव मार्ग में नाला के पास आरोपी अमरनाथ श्रीवास पिता जुलुस कुमार श्रीवास (36 साल) पथरला के कब्जे से करीब 4 लीटर देशी हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 800 रुपए को जब्त किया है। इसी तरह ग्राम तिलकुपर में मुखबीर सूचना पर आरोपी बेदराम कोसरिया पिता दादूराम कोसरिया (42 साल) तिलकपुर के कब्जे से 2 लीटर देशी हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 400 रुपए को जब्त किया गया है। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### पीने की सुविधा उपलब्ध कराने वाले पर कार्रवाई

**महासमुंद।** बागबाहरा पुलिस ने ग्राम खोपली में अवैध रूप से शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराने वाले व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस नेबताया कि मैं 28 मई को शिव शक्ति महिला समूह ग्राम खोपली द्वारा सूचना दी गई कि गांव के खेमराज घृतलहरे द्वारा अवैध शराब बिक्री करने घर में रखा हुआ है। मौके पर पहुंची पुलिस को देखकर शराब पीने वाले भाग निकली और मौके पर खेमराज घृतलहरे पिता हरप्रसाद घृतलहरे (34 वर्ष) खोपली के खिलाफ धारा 36 (सी) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### शिविर में 49 बच्चों की हुई स्वास्थ्य जांच

**महासमुंद।** हमर स्वस्थ लइका शिविर, मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान और कुपोषण मुक्त भारत जैसे कार्यक्रमों की ज़मीनी क्रियान्वयन का प्रमाण है, जो यह दर्शाता है कि सरकार और साझेदार संस्थाएं मिलकर समुदाय स्तर पर बच्चों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस प्रकार के शिविरों के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि प्रदेश का हर बच्चा स्वस्थ, सुपोषित और सशक्त बन सके यही इस प्रयास का मूल उद्देश्य है। महिला एवं बाल विकास विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त प्रयास, राज्य पोषण उत्कृष्ट केंद्र (एआईआईएमएस रायपुर) और यूनिसेफ के तकनीकी सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरायपाली में 27 मई को हमर स्वस्थ्य लइका (सीएमएएम समुदाय आधारित तीव्र कुपोषण प्रबंधन) शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर प्रदेश में कुपोषण से प्रभावित बच्चों की पहचान और उपचार के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। शिविर में कुल 49 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। विशेषज्ञों की टीम, जिसमें डॉ. कुणाल नायक बाल रोग विशेषज्ञ, जॉन वरूर अलेक्जेंडर राज्य पोषण समन्वयक और रिया मुखर्जी जिला पोषण समन्वयक शामिल थे, ने प्रत्येक बच्चे की चिकित्सकीय जांच कर आवश्यक दवाइयाँ, परामर्श और पोषण संबंधी दिशा-निर्देश प्रदान किए। इस आयोजन को सफल बनाने में सीडीपीओ जीआर नारंग, बीएमओ डॉ. एचएल जांगड़े, बीपीएम शीतल सिन्हा, ब्लॉक समन्वयक दीक्षा पटेल एवं खुशबू चेलक सहित फील्ड स्टाफ का योगदान रहा।

### युवक के साथ मारपीट

**महासमुंद।** पावर प्लांट से मजदूरी कर वापस लौट रहे एक युवक के साथ ग्राम बम्हनी में मारपीट के मामले में कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज का है। पुलिस को प्रार्थी तरूण पाल निवासी बम्हनी ने बताया कि 27 मई को बेलसोण्डा पावर प्लांट से वह और उसका दोस्त जितेंद्र साहू मोटर साइकिल से वास गांव लौट रहे थे, रात 9 बजे नांदगांव रोड राजू पत्थर पॉलिस फैक्ट्री के पास ग्राम बम्हनी पहुंचे, उसी समय देखा कि उसके गांव का मिथलेश यादव अपनी मोटर सायकल से आ रहा था, और कुछ दूर जाकर अपनी गाडी से स्लिप होकर गिर गया। वह अपने दोस्त जितेंद्र साहू के साथ मिथलेश यादव को उठाने गया तो मिथलेश यादव हम दोनों से गाली गलौज करते हुए कहने लगा कि तुम लोगों के कारण अपनी गाड़ी से गिरा हूं कहकर विवाद करने लगा और अपने मोबाईल से फोन करके भाई एवं अपने पिता को बुला लिया। कुछ देर में उसका भाई हरीश यादव तथा उसके पिता गिरवथ यादव आए और हम लोगो को गालियां देकर हाथ मुक्का, बेल्ट एवं डंडे से मारपीट करने लगे। प्रार्थी ने बताया कि मारपीट से जितेंद्र साहू के सिर, गर्दन एवं पैर में चोटें आई है।

# किसानों को खेती की उन्नत तकनीक सिखायेगा विकसित कृषि संकल्प रथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

खरीफ सीजन की तैयारी को सशक्त बनाने एवं किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों से अवगत कराने के उद्देश्य से विकसित कृषि संकल्प अभियान की शुरुआत बलौदाबाजार जिले में आज से की गई। इस अवसर पर कलेक्टर दीपक सोनी ने कलेक्टोरेट परिसर से विकसित कृषि संकल्प रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ जिले के 78 गांवों में जाकर किसानों को वैज्ञानिक पद्धति से खेती करने की जानकारी देगा।अभियान 29 मई से 12 जून तक चलेगा, इसके अंतर्गत कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य, सहकारिता एवं कृषि विज्ञान केंद्र जैसे विभिन्न विभागों की संयुक्त भागीदारी सुनिश्चित की गई है। उप संचालक कृषि दीपक कुमार नायक ने बताया कि यह अभियान भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण विभाग तथा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की सहभागिता से संचालित किया जा रहा है।इन कृषि शिविरों के माध्यम से किसानों को मशरूम उत्पादन एवं कृषि विज्ञान केंद्र से जुड़ी गतिविधियां फार्मर रजिस्ट्रेशन, फसल बीमा व किसान सम्मान निधि योजना की जानकारी, आधुनिक कृषि ड्रोन का प्रदर्शन व उपयोग, ड्रिप एवं स्प्रिंकलर सिंचाई प्रणाली की जानकारी कृषि यंत्रों, कतार बोनी की विधि, व उर्वरक विकल्पों की जानकारी, मृदा स्वास्थ्य पत्रक के आधार पर उर्वरक उपयोग हेतु मार्गदर्शन फसल अपशिष्ट प्रबंधन, खाद्य तेल बीज योजना एवं खरीफ फसलों की नवीनतम तकनीक शामिल हैं।

## 78 गांवों में पहुंचेगा, किसानों को दी जाएगी वैज्ञानिक खेती की जानकारी




### तीन कृषि रथ, पांच विकासखंड, 78 गांव

जिले के पांच विकासखंडों में तीन कृषि रथों के माध्यम से रोजाना छह गांवों तक पहुंचने का लक्ष्य तय किया गया है। प्रत्येक रथ दो गांवों में शिविर लगाएगा, जहां हर शिविर में कम से कम 200 किसानों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। इस हेतु कृषि विभाग सहित संबंधित विभागों के मैदानी अमले को आवश्यक कार्य आबंटित कर दायित्व निभाने के निर्देश दिए गए हैं।

# सुगम सड़क सभी लोगों की है मूलभूत आवश्यकता

**विधायक इंद्र साव ने ग्रामीण क्षेत्रों में सीसी रोड निर्माण का किया भूमिपूजन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



ग्रामीण अंचलों में आने जाने के लिए अच्छी सड़कों का होना आवश्यक है। वहीं गांव की गलियों की सड़कों पर गांव के लोगों को आने जाने में कोई तकलीफ ना हो, इस हेतु आज आपके गांव में सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया जा रहा है और इस सड़क निर्माण के बाद बारिश के दिनों में सड़कों पर गड्ढा होने या कीचड़ होने की शिकायत दूर हो जाएगी। उक्त बातें विधायक इंद्र साव ने ग्राम पंचायत धुर्राबांधा, अकोली में बनने वाली सीसी रोड निर्माण कार्य के भूमिपूजन करते हुए कही। इस अवसर पर दोनों गांव के जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

विधायक इंद्र साव ने दोनों गांव के भूमि पूजन कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों से कहा कि गांव में पक्की सड़क की मांग आप लोगों द्वारा उनके समक्ष की गई थी और आज वो पल आ गया है कि आप लोगों की मांग के अनुरूप यहां सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए भूमि पूजन कार्य पूरा हो गया है, जिसका फायदा यहां के लोगों को शीघ्र मिलने लग जाएगा। विधायक साव ने गांव के सरपंचों से अपील की कि सड़क निर्माण की गुणवत्ता पर वे लोग लगातार ध्यान दें, ताकि गांव के लोगों की शिकायत निर्माण कार्य को लेकर उन तक ना पहुंचे। सड़क निर्माण होने से आवाजाही भी नियमित रूप से बनी रहेगी। विधायक साव ने कहा कि ग्रामीण विकास के लिए, सुगम सड़क मूलभूत आवश्यकताओं में से एक है, जो मेरी पहली प्राथमिकता है, जिसे पूर्ण करने के लिए मैं प्रतिबद्ध हूं और मैं हमेशा दलगत राजनीति से हटकर काम करने पर विश्वास रखता हूं और आप लोगों को विश्वास दिलाता हूं कि आप लोगों की और भी मांग उनके पास आई है और आने वाले समय में उनको भी पूरा किया जाएगा तथा ग्रामवासियों की मूलभूत समस्या का जल्द निराकरण यहां के जनप्रतिनिधियों के साथ बैठकर करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर क्षेत्र के कार्यकर्ता एवं स्थानीय ग्रामीणजन उपस्थित रहे। इसमें मुख्य रूप से ग्राम धुर्राबांधा से सरपंच मंजू हेमचंद वर्मा, उपसरपंच विजय पाल, पंचगण रामलाल घृतलहरे, तीजन बाई विश्वकर्मा, दूरपति दिलीप वर्मा, गंगा बाई ध्रुव, निराबाई ध्रुव, सोनमत ध्रुव, मितानिन इन्द्राणी निषाद, चैन बाई यादव, रामप्यारी वर्मा, सुखरतन पाल, आजू ध्रुव, शोभा राम यादव, प्यारेलाल घृतलहरे, सुनील बांधे, रामा बांधे, मनीष बांधे, सहदेव वर्मा, हेमराम यादव, रामू ध्रुव सहित पूर्व सरपंच हेमंत वर्मा, विधि महाविद्यालय के विधायक प्रतिनिधि शशांक चौबे एवं ग्राम धुर्राबांधा से कांति वर्मा सरपंच, पंचगण अश्वनी वर्मा, भोला वर्मा, कृष्ण कुमार वर्मा, अंजू वर्मा, शीतला वर्मा, सक्रिता वर्मा, अहिल्या वर्मा, संजय वर्मा, रामेश्वर वर्मा, पारस वर्मा, बिहारी वर्मा, ओमप्रकाश वर्मा, हरप्रसाद वर्मा, भोजराम वर्मा सहित जनप्रतिनिधियों के साथ ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# शनि जयंती पर विप्र फाउंडेशन ने किया रचनात्मक कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

विप्र फाउंडेशन महिला प्रकोष्ठ द्वारा मंगलवार को शनि जयंती पर नगर के विभिन्न स्थानों पर सामाजिक जनसेवा का रचनात्मक कार्यक्रम किया गया। इस दौरान महाकाल मंदिर नगरपालिका में हनुमान चालीसा के साथ आयोजन का शुभारंभ किया गया।

विप्र फाउंडेशन महिला शाखा अध्यक्ष उमा रेखू शर्मा के नेतृत्व में शनि जयंती पर हुए कार्यक्रम की शुरुआत हनुमान चालीसा पाठ के साथ की गई तथा जरूरतमंदों को महाकाल मंदिर और रेलवे स्टेशन पर छाता, गमछा, चप्पल एवम शरबत का वितरण किया गया। कार्यक्रम में सीमा शिवरतन शर्मा, सुनीता हटिका, किरण जोशी, ज्योति शर्मा, नीलिमा शर्मा, बबिता भृगु, शिवानी शर्मा, शशि पांडे, सुशीला तिवाड़ी, वंदना शर्मा, पिंकी शर्मा, उमा पटाक, आशा पुरोहित, चंदा शर्मा सुलेखा शर्मा सहित अन्य उपस्थित महिलाओं ने तन मन धन से अपना-अपना सहयोग दिया।

महिला प्रकोष्ठ विप्र फाउंडेशन की अध्यक्ष उमा शर्मा ने कार्यक्रम में शामिल महिलाओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इसी तरह भविष्य में ऐसे ही नेक कार्य करने अपना सहयोग देते रहने का आग्रह किया।

## बारिश से पहले घर की मरम्मत करने में जुटे किसान



**खरोरा।** मानसून आने से पहले खरोरा सहित आसपास ग्रामीण अंचलों में छानी, खपरैल की मरम्मत का कार्य शुरू हो गया। ग्राम केशला में ग्रामीण अपने घर का खपरैल ठीक कराने में जुटे हैं। ताकि बारिश होने पर पानी नीचे न गिरे।

# युवा संगिनी ने हनुमान मंदिर को भेंट किया कूलर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

बढ़ती गर्मी के बीच सामाजिक सरोकार की मिसाल पेश करते हुए कान्यकुब्ज महिला संगठन की इकाई युवा संगिनी ने एक सराहनीय कदम उठाया है। संगठन द्वारा हाल ही में आयोजित बैठक में अत्यधिक गर्मी को ध्यान में रखते हुए हनुमान मंदिर में एक कूलर दान करने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया।

इस प्रस्ताव के क्रियान्वयन के तहत 27 मई शनि जयंती थी, हनुमान मंदिर में सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर युवा संगिनी समिति द्वारा मंदिर प्रबंधक को एक कूलर भेंट किया गया, जिससे श्रद्धालुओं को गर्मी में राहत मिल सके।

कार्यक्रम में युवा संगिनी समिति की संरक्षक डॉ. प्रभा शुक्ला, अध्यक्ष गायत्री शुक्ला, उपाध्यक्ष अर्चना त्रिवेदी, सचिव दीप्ति मिश्रा, सह सचिव श्रद्धा दुबे, कोषाध्यक्ष नम्रता शुक्ला, एवं सदस्यगण मीनाक्षी तिवारी, लीना बाजपेई, रानी बाजपेई, गुड्डन तिवारी, प्रीति वाजपेई, स्वाति मिश्रा, प्रतिमा तिवारी, पूनम तिवारी, गौरी शुक्ला एवं शीला दीक्षित सहित अन्य सदस्य विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

# कैरियर मार्गदर्शन शिविर 31 मई को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

युवाओं को उनके कैरियर निर्माण में मार्गदर्शन देने और जीवन में सफलता की दिशा दिखाने के उद्देश्य से हम होंगे कामयाब अभियान के अंतर्गत एक दिवसीय विशेष कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन 31 मई को सुबह 11 बजे जिला ऑडिटोरियम में किया जा रहा है।

कार्यक्रम में देश-विदेश में प्रसिद्ध कैरियर काउंसलर, वैज्ञानिक एवं प्रेरक वक्ता डॉ. पराग गढ़िया मुख्य वक्ता के रूप में शामिल होंगे। बलौदाबाजार के कलेक्टर दीपक सोनी ने जिले के सभी युवाओं, विद्यार्थियों एवं शैक्षणिक संस्थानों से इस प्रेरणादायक अवसर का लाभ उठाने की अपील की है।

### शिविर का लाभ उठाये युवा

यह कार्यक्रम युवाओं को आत्म-विश्लेषण, कैरियर के विविध विकल्पों की पहचान, उनके उपयुक्त चयन तथा जीवन में सफलता पाने की रणनीतियों से अवगत कराने हेतु आयोजित किया जा रहा है। डॉ. गढ़िया वक्तव्य के माध्यम से युवाओं में आत्मविश्वास, लक्ष्य निर्धारण और सही दिशा में कार्य करने की प्रेरणा देंगे। जिला प्रशासन ने जिले के समस्त युवाओं एवं शैक्षणिक संस्थानों में अध्ययनरत विद्यार्थियों से 31 मई को निर्धारित समय पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस कार्यक्रम का लाभ उठाने की अपील की है। यह अवसर युवाओं के भविष्य को संवारने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हो सकता है।

# अहिल्या बाई होलकर की जयंती पर तालाबों की गई सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव



नगर पंचायत के सांस्कृतिक भवन में लोकमाता देवी अहिल्या बाई होलकर की 300वीं जन्म शताब्दी धूम धाम से मनायी गई। इस अवसर पर तालाब घाटों की साफ सफाई भी की गई तथा स्वच्छता दीदी का सम्मान समारोह रखा गया।

कार्यक्रम में बताया गया कि रानी अहिल्याबाई ने अपने शासनकाल में कई ऐतिहासिक कार्य किए। मुगलों द्वारा क्षतिग्रस्त हिंदू धार्मिक स्थलों का जीर्णोद्धार करवाया। उन्होंने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए रोजगार के साधन उपलब्ध करवाई। इसमें लोकमाता के त्याग, सेवा, सुशासन और लोककल्याण के आदर्शों को बताते हुए उन्हें याद करते हुए जयंती मनाई गई।

कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण सहित जिला सदस्य डॉ. दिनेश जांगड़े, नगर पंचायत अध्यक्ष विक्रम कर्रे, नगर पंचायत उपाध्यक्ष प्रदीप देवांगन, वार्ड 2 के पार्षद महादेव यादव, वार्ड 7 के पार्षद देवेंद्र यादव, वार्ड 9 के पार्षद रामू सिदार,वार्ड 13 के पार्षद प्रतिनिधि गणेश यादव, वार्ड 8 के पार्षद प्रतिनिधि रमा पटेल सहित सुमंत सोनी, फुल चंद जायसवाल, श्यामा साहू, अशोक साहू, राजेश जायसवाल, डोल कुमार जायसवाल, नगर पंचायत से नगर पंचायत अधिकारी भूपेश सिंह, लक्ष्मण पटेल, शरद देवांगन, भूपेंद्र देवांगन, ऋषि कुमार साहू, सरला यादव, गायत्री दुबे, सफाई दरोगा सत्येंद्र सिंह बिसेन के साथ साथ नगर पंचायत के समस्त स्वच्छता दीदी तथा सफाई कर्मचारी उपस्थित थे।

■ स्वच्छता दीदी तथा सफाई कर्मचारियों को किया गया सम्मान

विक्रम कुर्रे नगर पंचायत अध्यक्ष ने बताया की अहिल्याबाई होलकर कि इस जयंती पर नगर के दो-तीन तालाबों की सफाई कराई गई तथा तथा स्वच्छता दीदी को साड़ी व पुरुष वर्ग को माता अहिल्याबाई होलकर की स्मृति चिन्ह की टी शर्ट भेंट कर सम्मान किया गया और इस पुण्यतिथि पर सुबह तालाब घाट की साफ सफाई भी की गई।

## सरपंच, महिला समूह और ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक को कार्रवाई के लिए सौंपा ज्ञापन

# कारी पंचायत को नशामुक्त बनाने ग्रामसभा में प्रस्ताव पास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

ग्राम कारी अब नशे के खिलाफ आर-पार की लड़ाई के मूड में है। गांव में फैलते अवैध शराब और गांजा कारोबार के खिलाफ आवाज उठाते हुए ग्राम सरपंच, महिला स्व-सहायता समूह की सदस्याएं और दर्जनों ग्रामीणों ने मंगलवार को एकजुट होकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय बलौदाबाजार पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने इस दौरान नशे के कारोबार पर तत्काल और कठोर कार्रवाई की मांग की।

ग्रामीणों ने बताया कि 9 अप्रैल को आयोजित ग्राम सभा में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि ग्राम कारी को नशा मुक्त बनाना है। इसके लिए महिला स्व-सहायता समूहों के सहयोग से ग्राम प्रमुख समिति का गठन किया गया है, जिसका उद्देश्य कच्ची शराब, गांजा व अन्य नशीले पदार्थों के निर्माण, बिक्री और तस्करी पर पूरी तरह रोक लगाना है। ग्रामवासियों का कहना है कि लवन थाना में कई बार शिकायत दर्ज कराने के बावजूद प्रशासनिक उदासीनता बनी रही। अब उन्होंने अपनी आवाज सीधे जिला स्तर पर उठाने का निर्णय लिया है।



### प्रशासन से सहयोग की अपील, कड़ी कार्रवाई की मांग

ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक को दिए ज्ञापन में गांव में नियमित पुलिस गश्त, संदिग्ध व्यक्तियों पर निगरानी और पूर्व में चिन्हित अवैध कारोबारियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का मानना है कि यदि प्रशासन इच्छाशक्ति के साथ इस अभियान में साथ दे, तो गांव को पूरी तरह नशा मुक्त बनाना संभव है।

### महिलाओं ने संभाली नेतृत्व की कमान

इस अभियान की सबसे प्रेरणादायक बात यह रही कि ग्राम की महिलाओं ने नेतृत्व की कमान संभाली। महिला समूहों की सदस्याओं ने कहा कि, हम अपने बच्चों का भविष्य अंधकार में डूबता नहीं देख सकतीं। अब हम चुप नहीं बैठेंगी, चाहे कितने भी संघर्ष क्यों न करने पड़ें, हम नशे को गांव से जड़ से खत्म करके ही दम लेंगे। महिला कार्यकर्ता ने कहा नशे के सौदागर अगर ऐसे ही हमारे गांवों को बर्बाद करते रहेंगे, तो आने वाली पीढ़ी का भविष्य खत्म हो जाएगा। हमें बदलाव लाना है।

